<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ किसान मेला</u>

पंतनगर। 10 अक्टूबर 2021। विश्वविद्यालय के चार–दिवसीय किसान मेले का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज गांधी हाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री राजेश शुक्ला, थे। इस अवसर पर कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा, एवं निदेशक शोध, डा. ए.एस. नैन भी मंच पर उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि, श्री राजेश शुक्ला ने कहा कि देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय होने के नाते में नवीनतम तकनीकों, बीजों, एवं वैज्ञानिक विधियों की जानकारियां किसानों को इस कृषि कुम्भ के माध्यम से समय–समय पर उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने किसानों को जैविक विधियों से फसलों का उत्पादन करने का सुझाव दिया।

डा. ए.के. शुक्ला ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि इस किसान मेले में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं अन्य राज्यों से किसान आकर यहां से नवीनतम तकनीकों एवं बीजों को लेकर जाते है। उन्होंने कहा कि प्रसार शिक्षा निदेशालय के 9 कृषि विज्ञान केन्द्रों को मिलाकर एक स्टाल कृषि क्लीनिक किसानों हेतु लगाया गया जिसमें किसानों ने अपनी समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों से प्राप्त किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में चार–दिवसीय 110वें किसान मेले के बारे में जानकारी देते हुए डा. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न बीज केन्द्रों से किसानों द्वारा अत्यधिक बीजों की बिक्री की गयी। उन्होंने बताया कि इस मेले में विभिन्न फर्मों, विश्वविद्यालय एवं अन्य सरकारी संस्थाओं के लगभग 121 स्टाल लगाये गये व लगभग 15000 पंजीकृत एवं अपंजीकृत किसानों ने मेले का भ्रमण किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सर्वोत्तम स्टाल के लिए मैसर्स त्यागी एग्रो सेल्स, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, तथा सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए मैसर्स किसान फर्टिलाइजरस एजेंसी, काशीपुर, ऊधमसिंह नगर के प्रतिनिधियों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं स्टालों के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। किसान मेला प्रभारी एवं निदेशक संचार, डा. एस.के. बंसल ने इस मेले में आए सभी स्टाल धारकों का आभार व्यक्त किया।

समापन समारोह में डा. ए.के. शुक्ला एवं श्री राजेश शुक्ला ने मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय व अन्य सरकारी संस्थानों के स्टालों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही मेले में लगाये गये विभिन्न वर्गों के स्टॉलों को भी उनके प्रदर्शन व बिक्री के आधार पर पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों को डा. ए.एस. नैन ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद दिया।

*किसान मेले के समापन समारोह में संबोधन करते मुख्य अतिथि, श्री राजेश शुक्ला (1) एवं कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला (2)।*

*मेले में सर्वोत्तम स्टाल का पुरस्कार मैसर्स त्यागी एग्रो सेल्स, किच्छा, को प्रदान करते श्री राजेश शुक्ला एवं कुलसचिव. डा. ए.के. शुक्ला व अन्य।*